# माध्यमिक स्कूल स्थान आवंटन प्रणाली (SSPA) 2022/2024
# केंद्रीय आवंटन में भाग लेने वाले माता-पिता के लिए नोट्स

1. "स्मार्ट सरकार" रणनीति के अनुरूप, शिक्षा ब्यूरो (EDB) ने 2023 से शुरू होने वाले माध्यमिक 1 (S1) प्रवेश के डिजिटलीकरण को लागू किया है। EDB संपूर्ण S1 आवेदन प्रक्रिया के दौरान अधिक सुविधाजनक और तेज़ सेवाओं के लिए, माता-पिता को "iAM Smart+" पर रजिसटर करने के लिए प्रेरित करता है । माता-पिता "iAM Smart" विषयगत वेबसाइट (https://www.iamsmart.gov.hk/en/) पर जा सकते हैं (चुनें: होम > Home > "iAM Smart" registration > Registration Methods) "iAM Smart+" पंजीकरण के विवरण के लिए "iAM Smart" मोबाइल ऐप डाउनलोड करने के लिए नीचे दिया गया QR कोड स्कैन कर सकते हैं।

2. SSPA ई-प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं के रूप में पंजीकृत **और अपने खाते को "iAM Smart+" से जोड़ने वाले** माता-पिता के लिए, कागजी सेकेंडरी वन चॉइस ऑफ स्कूल्स फॉर्म (च्वाइस फॉर्म) के अलावा, वे SSPA ई-प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से बच्चे की उपस्थिती वाले प्राथमिक विद्यालय में केंद्रीय आवंटन (CA) आवेदन जमा कर सकते हैं। माता-पिता नीचे दिए गए QR कोड को स्कैन कर सकते हैं और अपने बच्चे के छात्र संदर्भ संख्या के साथ-साथ प्राथमिक विद्यालयों द्वारा वितरित सक्रियण कोड के साथ एक SSPA ई-प्लेटफ़ॉर्म खाता पंजीकृत कर सकते हैं। यदि माता-पिता ने विवेकाधीन स्थान (DP) चरण में SSPA ई-प्लेटफ़ॉर्म खाता सक्रिय किया है, तो वे अपने बच्चे के लिए SSPA ई-प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से च्वाइस फॉर्म जमा करने के लिए उसी खाते का उपयोग करना जारी रख सकते हैं। SSPA ई-प्लेटफ़ॉर्म खाता निर्माण और लॉगिन प्रक्रियाओं के लिए, कृपया EDB के होमपेज (https://www.edb.gov.hk) पर अपलोड किए गए संबंधित वीडियो और माता-पिता की मार्गदर्शिका देखें (चुनें: Home > Education System and Policy > Primary and Secondary Education > School Places Allocation Systems > Secondary School Places Allocation (SSPA) System > Digitalisation of S1 Admission)

SSPA ई-प्लेटफ़ॉर्म
(https://esspa.edb.gov.hk)

**केंद्रीय आवंटन के लिए व्यवस्था**

<u>वर्तमान व्यवस्था</u>

3. वर्तमान व्यवस्था के अनुसार, CA चरण दो भागों में विभाजित हैः

- भाग A ”अप्रतिबंधित स्कूल चयन”: माता-पिता के लिए किसी भी स्कूल नेट में से अधिकतम 3 माध्यमिक स्कूलों चुनने के लिए (छात्रों के स्कूल नेट सहित)।
- भाग B “प्रतिबंधित स्कूल चयन”: माता-पिता के लिए छात्र के स्कूल नेट से अधिकतम 30 माध्यमिक स्कूल चुनने के लिए।

कंप्यूटर पहले भाग A में सभी छात्रों के स्कूल चयन की प्रक्रिया करेगा। यदि छात्रों को भाग A स्कूल स्थान का आवंटन नहीं हुआ है तो भाग B में स्कूल चयन की प्रक्रिया की जाएगी।

SSPA प्रणाली में माध्यमिक स्कूलों की भागीदारी के लिए, पुनरावर्तक और DP को हटाने के बाद, बचे हुए S1 स्थान CA के लिए प्रयुक्त होते हैं। CA स्थानों के 10% भाग A में अप्रतिबंधित स्कूल चयन के आवंटन के लिए निर्दिष्ट होते हैं, और शेष 90% भाग B[1] में प्रतिबंधित स्कूल चयन के लिए निर्दिष्ट होते हैं। माता-पिता ध्यान दें कि व्यक्तिगत स्कूलों के DP और CA चरण के लिए S1 स्थानों की संख्या अनुमानित आंकड़ा मात्र है। आवंटन के लिए स्थानों की अंतिम संख्या समायोजन के अधीन हो सकती है।

<u>स्कूल स्थान आवंटन सिद्धांत</u>

4. CA छात्रों के आवंटन बैंड, स्कूलों के अभिभावकीय चयन और यादृच्छिक संख्या पर आधारित होता है।

<u>आंतरिक मूल्यांकन</u>

5. छात्र के आवंटन बैंड को निर्धारित करने का आधार प्राथमिक 5 (P5) के अंत में और प्राथमिक 6 (P6) के मध्य सत्र तथा अंत दोनों में उसका मानकीय स्कूल आंतरिक मूल्यांकन (IA) होता है।

<u>मापन यांत्रिकी</u>

6. चूंकि विभिन्न स्कूलों के पाठ्यक्रम अलग-अलग हो सकते हैं और स्कूलों में मूल्यांकन का मानक भी भिन्न हो सकता है, लिहाजा आवंटन के उद्देश्य हेतु सभी स्कूलों के IA परिणामों का उपयोग कर सीधे योग्यता का क्रम बनाना उचित नहीं है। इसीलिए, सभी भागीदार स्कूलों के IA परिणामों को मापने के लिए एक मापन यांत्रिकी का उपयोग किया जाता है ताकि उनके मापित अंकों की तुलना की जा सके। SSPA 2022/2024 में CA के लिए, स्कूलों के प्री-सेकेंडरी वन हांगकांग अटेनमेंट टेस्ट 2016 तथा 2018 के नमूना परिणामों के औसत का उपयोग मापन यंत्र के रूप में किया जाता है।

<u>आवंटन बैंड</u>

7. छात्रों को योग्यता क्रम में उनके मापित अंकों के अनुसार रखा जाता है और तीन आवंटन बैंडों में बांटा जाता है। भाग A में “अप्रतिबंधित स्कूल चयन” की प्रक्रिया में, क्षेत्र के सभी छात्रों के मापित अंकों को योग्यता क्रम में रखा जाएगा। तब छात्रों को तीन क्षेत्र बैंडों में बराबर बांटा जाएगा, और

---

[1] भाग A और भाग B में फीडर/नामित/सीधा माध्यमिक स्कूलों में खुले स्थानों की गणना उनसे जुड़े प्राथमिक स्कूलों के लिए आरक्षित स्थानों को घटाने के बाद की जाती है। विवरण के लिए, कृपया इस नोट के पैराग्राफ 20 और 21 देखें।

प्रत्येक बैंड में भाग ले रहे क्षेत्र के प्राइमरी छात्रों की कुल संख्या का एक-तिहाई होगा। भाग B में "प्रतिबंधित स्कूल चयन" की प्रक्रिया में, उसी स्कूल नेट के अंदर सभी छात्रों के मापिक अंकों को योग्यता क्रम में रखा जाएगा। तब छात्रों को तीन नेट बैंडों में बराबर बांटा जाएगा, और प्रत्येक बैंड में स्कूल नेट में भागीदार प्राथमिक छात्रों की कुल संख्या का एक तिहाई होगा। आवंटन प्रक्रिया पूरी होने के बाद व्यक्तिगत छात्रों के आवंटन बैंड को बरकरार नहीं रखा जाएगा।

<u>याद्दच्छिक संख्या</u>

8. याद्दच्छिक संख्या, जो केंद्रीय आवंटन प्रोग्राम चलाने से पहले कंप्यूटर द्वारा तैयार किया जाता है, का उपयोग समान आवंटन बैंड में छात्रों के आवंटन का क्रम निर्धारित करने के लिए किया जाता है। यदि किसी विशेष माध्यमिक स्कूल के लिए स्कूल स्थानों की मांग उसकी आपूर्ति से ज्यादा हो जाती है, तो उसी आवंटन बैंड में जिस छात्र के पास छोटा याद्दच्छिक संख्या होगा, उसे पहले स्थान दिया जाएगा। याद्दच्छिक संख्या का "छात्र के संदर्भ संख्या" या छात्र के व्यक्तिगत आंकड़ों से कोई संबंध नहीं होता है, आवंटन प्रक्रिया के दौरान, प्रत्येक छात्र को सिर्फ एक याद्दच्छिक संख्या दी जाएगी, याद्दच्छिक संख्या को आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के बाद बरकरार नहीं रखा जाएगा।

<u>स्कूलों तथा स्कूल नेट का अभिभावकीय चयन</u>

9. अभिभावक भाग A "अप्रतिबंधित स्कूल चयन" में किसी भी स्कूल नेट में से अधिकतम तीन माध्यमिक स्कूलों का चयन कर सकते हैं और भाग B "प्रतिबंधित स्कूल चयन" में उस नेट में से अधिकतम 30 माध्यमिक स्कूलों का चयन कर सकते हैं, जिसका वह छात्र है।

10. जिले की प्रशासकीय सीमाओं के अनुरूप, संपूर्ण क्षेत्र को 18 स्कूल नेट में विभाजित किया गया है। उन छात्रों के अलावा जिनके आवेदन क्रॉस-नेट आवंटन के लिए स्वीकृत हो चुके हैं, छात्र से जुड़े स्कूल नेट का निर्धारण उस प्राथमिक स्कूल के स्थान से होता है जिसमें छात्र का नामांकन है, ना की उस जिले से जिसमें वह रहता है। प्रत्येक स्कूल नेट में भौतिक रूप से जिले में शामिल सभी भागीदार प्राथमिक तथा माध्यमिक स्कूल और नेट के लिए स्थान उपलब्ध करा रहे अन्य जिलों के माध्यमिक स्कूल शामिल होते हैं। अन्य जिलों से माध्यमिक स्कूल तथा स्कूल स्थान साल-दर-साल बदलते रह सकते हैं।

स्कूल स्थान आवंटन प्रक्रिया

11. CA में, भाग A में "अप्रतिबंधित स्कूल चयन" की प्रक्रिया को पहले संसाधित किया जाएगा, उसके बाद भाग B में "प्रतिबंधित स्कूल चयन" की प्रक्रिया होगी।

12. भाग A में "अप्रतिबंधित स्कूल चयन" की प्रक्रिया को संसाधित करते समय, कंप्यूटर पहले क्षेत्र बैंड 1 में छात्रों को स्कूल स्थान आवंटित करेगा। आवंटन प्रक्रिया इस प्रकार है : कंप्यूटर पहले क्षेत्र बैंड 1 के छात्रों द्वारा "अप्रतिबंधित स्कूल चयन" के अंतर्गत की गई प्रथम स्कूल वरीयता को छाँटेगा और अप्रतिबंधित आवंटन के लिए अलग रखे गए स्कूल स्थानों को भरने के लिए छात्र आवंटित करेगा। यदि स्कूल में उपलब्ध स्थानों की संख्या उस स्कूल का चयन करने वाले छात्रों की संख्या से अधिक है तो प्रथम वरीयता के रूप में उस स्कूल का चयन करने वाले सभी छात्रों को वह स्कूल आवंटित कर दिया जाएगा। यदि प्रथम वरीयता के रूप में स्कूल का चयन करने वाले छात्रों की संख्या उपलब्ध स्थानों से अधिक है तो उस स्कूल के स्थानों को भरने के लिए छोटे यादृच्छिक नंबरों वाले छात्र आवंटित किए जाएंगे। क्षेत्र बैंड 1 में सभी छात्रों की प्रथम वरीयता की प्रक्रिया संसाधित करने के बाद, कंप्यूटर उसी प्रक्रिया से बैंड में अनावंटित छात्रों की द्वितीय वरीयता (यदि कोई हो) को छाँटेगा और अंत में, उनकी तृतीय वरीयता (यदि कोई हो) छाँटेगा। जब क्षेत्र बैंड 1 में छात्रों की सभी स्कूल वरीयता छांटी जा चुकी होंगी, तो कंप्यूटर क्षेत्र बैंड 2 और अंत में क्षेत्र बैंड 3 में छात्रों के स्कूल चयन की समान प्रक्रिया को अपनाएगा।

13. कंप्यूटर भाग A में सभी छात्रों द्वारा चयन की प्रक्रिया पूरी किए जाने के बाद ही भाग B में "प्रतिबंधित स्कूल चयन" की प्रक्रिया के लिए आगे बढ़ेगा। भाग A में स्कूल स्थान पाने में सफल रहे छात्र को भाग B में स्थान आवंटित नहीं किया जाएगा। यदि छात्र को भाग A अपने सभी स्कूल चयन दिए जाने के बाद भी स्कूल स्थान आवंटित नहीं हो सका है तो उन्हें भाग B में स्कूल स्थान आवंटित किए जाएंगे।

14. भाग B में स्कूल नेट द्वारा स्कूल स्थानों का आवंटन किया गया है। इस भाग में "प्रतिबंधित स्कूल चयन" की प्रक्रिया के दौरान, कंप्यूटर छात्रों को पहले नेट बैंड 1 में स्कूल स्थान आवंटित करेगा। आवंटन प्रक्रिया हैः कंप्यूटर जाँच के बाद नेट बैंड 1 के छात्रों द्वारा की गई प्रथम स्कूल वरीयताओं को करेगा। यदि किसी स्कूल में प्रतिबंधित आवंटन के लिए अलग रखे गए स्थान उस स्कूल का चयन करने वाले छात्रों से ज्यादा हैं तो ये स्थान उन सभी छात्रों को आवंटित किए जाएंगे जिन्होंने उस स्कूल को प्रथम वरीयता के रूप में चुना है। यदि किसी स्कूल को प्रथम वरीयता के रूप में एक ही नेट बैंड में चयन करने वाले छात्रों की संख्या उपलब्ध स्थानों से अधिक है तो छोटे यादृच्छिक संख्या वाले छात्रों को उस स्कूल के स्थान सबसे पहले इस भाग को पूर्ण रूप से उपयोग किये जाने तक आवंटित किए जाएंगे। नेट बैंड 1 में सभी छात्रों के प्रथम चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकने के बाद, कंप्यूटर इसी जाँच प्रक्रिया से बैंड में अनावंटित छात्रों के द्वितीय चयन को दर्शाएगा और इस प्रक्रिया की तब तक पुनरावृत्ति होती रहेगी, जब तक नेट बैंड 1 के छात्रों के प्रत्येक स्कूल चयन की जाँच नहीं हो जाती। उन छात्रों के लिए जिन्हें सभी स्कूल चयन समाप्त हो जाने के बाद भी स्थान आवंटित नहीं हुआ है, कंप्यूटर उन्हें स्कूल नेट में माध्यमिक स्कूलों[2] के शेष स्थानों में से स्थान आवंटित करेगा। जब नेट बैंड 1 के सभी छात्रों को स्कूल स्थान आवंटित हो चुके हों, कंप्यूटर यही प्रक्रिया नेट

---

[2] प्रत्यक्ष सब्सिडी योजना वाले स्कूलों और ''छात्रों को यह स्कूल आवंटित नहीं किया जाएगा जब तक कि वे इसे अपनी वरीयता में शामिल नहीं करते'' वाली टिप्पणी से युक्त स्कूलों को छोड़कर।

बैंड 2 और अंत में नेट बैंट 3 में छात्रों के स्कूल चयन की प्रक्रिया के लिए अपनाएगा।

<u>आवंटन प्रक्रिया का उदाहरण</u>

15. नीचे आवंटन प्रक्रिया का सरल उदाहरण दिया गया है:

<u>छात्र</u>

| | | |
|---|---|---|
| •नामः: | CHAN Si Ming | |
| •क्षेत्र बैंडः | बैंड 1 | |
| •स्कूल नेटः | HK3 | |
| •नेट बैंडः | बैंड 1 | |
| •स्कूल चयनः | | |
| भाग A (अधिकतमः 3 स्कूल) | प्रथम चयनः | स्कूल A |
| | द्वितीय चयनः | स्कूल B |
| | तृतीय चयनः | स्कूल C |
| भाग B (अधिकतमः 30 स्कूल) | प्रथम चयनः | स्कूल B |
| | द्वितीय चयनः: | स्कूल D |
| | तृतीय चयनः | स्कूल E |
| | ⋮ | ⋮ |

<u>भाग A: "अप्रतिबंधित स्कूल चयन"</u>

| | |
|---|---|
| •क्षेत्र बैंड 1 के छात्रों की संख्या: | 25 000 |
| •स्कूल A का चयन प्रथम वरीयता के रूप में करने वाले छात्रों की संख्या: | 350 |
| •अप्रतिबंधित स्कूल चयन के लिए स्कूल A में स्कूल स्थानों की संख्या: | 15 |

16. मान लीजिए कि 350 क्षेत्र बैंड 1 छात्रों ने भाग A में CA स्तर पर प्रथम वरीयता के रूप में स्कूल A का चयन किया है। चूंकि स्कूल A अप्रतिबंधित आवंटन के लिए केवल 15 स्कूल स्थान दे सकता है, कंप्यूटर केवल पहले 15 छात्रों को उनके याद्दच्छिक संख्या के क्रम से स्कूल स्थान आवंटित करेगा। यदि CHAN Si Ming का याद्दच्छिक संख्या पहले 15 छात्रों में है तो उसे स्कूल A आवंटित किया जाएगा। अन्यथा वह अपनी प्रथम वरीयता में स्कूल स्थान पाने में सफल नहीं होगा/ होगी। CHAN Si Ming तथा क्षेत्र बैंड 1 के अन्य छात्रों के द्वितीय चयन की प्रक्रिया से पहले कंप्यूटर क्षेत्र बैंड 1 के सभी छात्रों के प्रथम चयन की प्रक्रिया पूरी कर लेगा।

17. मान लीजिए क्षेत्र बैंड 1 के 15000 छात्रों को उनकी प्रथम वरीयता के स्कूल स्थान आवंटित नहीं हुए हैं। उनमें से 300 (CHAN Si Ming सहित) ने स्कूल B का चयन द्वितीय वरीयता के रूप में किया है। यदि आवंटन के पहले दौर के बाद स्कूल B में दो ही रिक्त स्थान हैं, तो कंप्यूटर सबसे कम याद्दच्छिक संख्या वाले दो छात्रों को ये स्थान आवंटित कर देगा। यदि CHAN Si Ming की याद्दच्छिक संख्या इन दो छात्रों में नहीं है तो उसे स्कूल B आवंटित नहीं किया जाएगा। क्षेत्र बैंड 1 के छात्रों की सभी द्वितीय वरीयताएं संसाधित हो जाने के बाद कंप्यूटर अनावंटित छात्रों के तृतीय वरीयता की प्रक्रिया को ऊपर बताए गए तरीके से जारी रखेगा। यदि CHAN Si Ming की तृतीय वरीयता के स्कूलों के सभी स्थान आवंटन का तृतीय चरण पूरा होने से पहले ही भर चुके हैं तो CHAN Si Ming को भाग A के अंतर्गत स्थान आवंटित नहीं होगा और उसे भाग B के अंतर्गत स्कूल स्थान आवंटित किया जाएगा जहां "प्रतिबंधित स्कूल चयन" की प्रक्रिया की जाएगी।

<u>भाग B: "प्रतिबंधित स्कूल चयन"</u>

| | |
|---|---|
| •छात्र का स्कूल नेट: | HK3 |
| •HK3 में नेट बैंड 1 छात्रों की संख्या: | 1 000 |
| •स्कूल B का चयन प्रथम वरीयता के रूप में HK3 के करने वाले नेटबैंड 1 के छात्रों की संख्या: | 150 |
| •HK3 के लिए स्कूल B में उपलब्ध स्थानों की संख्या: | 100 |

18. भाग A में सभी छात्रों के "अप्रतिबंधित स्कूल चयन" की स्क्रीनिंग के बाद कंप्यूटर भाग B में "प्रतिबंधित स्कूल चयन" की प्रक्रिया शुरू करेगा। मान लीजिए भाग A में स्थान आवंटित नहीं होने वाले छात्रों में स्कूल नेट HK3 में नेट बैंड 1 के 150 छात्र (CHAN Si Ming सहित) ऐसे हैं जिन्होंने स्कूल B का चयन प्रथम वरीयता के रूप में किया है। यदि स्कूल B स्कूल नेट में छात्रों के लिए केवल 100 स्कूल स्थान दे सकता है तो कंप्यूटर 100 छात्रों को उनके याद्दच्छिक संख्या के क्रम के अनुसार स्कूल B आवंटित करेगा। यदि CHAN Si Ming का याद्दच्छिक संख्या पहले 100 छात्रों में है तो उसे स्कूल B आवंटित किया जाएगा। अन्यथा, वह अपनी प्रथम वरीयता के स्कूल में स्थान पाने में सफल नहीं होगा। यदि CHAN Si Ming को उसकी पहली वरीयता का आवंटन नहीं हुआ है तो नेट बैंड 1 के सभी छात्रों की प्रथम वरीयता को संसाधित करने के बाद उसकी द्वितीय वरीयता को उसी नेट बैंड के अनावंटित छात्रों की द्वितीय वरीयता के साथ संसाधित किया जाएगा। मान लीजिए नेट बैंड 1 के 400 छात्रों को प्रथम वरीयता का स्थान आवंटित नहीं हुआ और उनमें से 30 (CHAN Si Ming सहित) ने स्कूल D का चयन द्वितीय वरीयता के रूप में किया है। मान लीजिए कि स्कूल D में आवंटन के प्रथम चरण के बाद केवल 10 स्थान ही शेष हैं तो कंप्यूटर छात्रों को उनके याद्दच्छिक संख्या के आधार पर स्थान आवंटित करेगा। यदि CHAN Si Ming स्कूल D में स्थान पाने में सफल नहीं हो सका है क्योंकि वह सबसे कम याद्दच्छिक संख्या वाले 10 छात्रों में शामिल नहीं था तो कंप्यूटर ऊपर बताए गए प्रक्रिया से उसी नेट बैंड में CHAN Si Ming तथा अन्य अनावंटित छात्रों की तृतीय वरीयताओं की प्रक्रिया करता रहेगा, जब तक कि उन्हें स्कूल स्थान आवंटित नहीं हो जाता।

19. मान लीजिए CHAN Si Ming के स्कूल सहपाठी LEE Siu Man भी क्षेत्र बैंड 1 और नेट बैंड 1 में है और उसने भी CHAN Si Ming के समान ही स्कूल वरीयताएं भरी हैं। चूंकि समान क्षेत्र अथवा नेट बैंड में आवंटन क्रम छात्रों के यादृच्छिक संख्या के आधार पर निर्धारित होता है, लिहाजा CHAN Si Ming को LEE Siu Man के मुकाबले निचली वरीयता का स्कूल आवंटित हो सकता है भले ही CHAN का IA परिणाम ली से बेहतर हो। यह माध्यमिक स्कूल में मिश्रित योग्यता अध्यापन की भावना के अनुरूप है।

फीडर एवं नामांकित स्कूल

20. एक फीडर माध्यमिक स्कूल को रिपीटर तथा DP को घटाने के बाद शेष स्थानों के अधिकतम 85 प्रतिशत स्थानों को अपने फीडर प्राथमिक स्कूल (स्कूलों) के लिए आरक्षित करना होगा। एक नामित माध्यमिक स्कूल को रिपीटर और DP को घटाने के बाद शेष स्थानों में से 25 प्रतिशत स्थान अपने नामांकित प्राथमिक स्कूल के लिए आरक्षित करना होगा। किसी फीडर/ नामांकित प्राथमिक स्कूल में अध्ययन कर रहा कोई छात्र आरक्षित स्थानों के लिए पात्र होगा यदि वह नेट बैंड 1 या 2 में है और उसने B “प्रतिबंधित स्कूल चयन” में फीडर/नामांकित माध्यमिक स्कूल का चयन प्रथम वरीयता के रूप में किया है। यदि पात्र छात्र की संख्या उपलब्ध फीडर/नामित स्थानों की संख्या से अधिक है तो स्कूल स्थान का आवंटन छात्र के नेट बैंड और उनके यादृच्छिक संख्यायों के आधार पर होगा। यदि एक फीडर/नामांकित प्राथमिक स्कूल में पढ़ने वाला छात्र क्रॉस-नेट आवंटन के लिए अनुमोदित है, तो वह फीडर/नामांकित माध्यमिक स्कूल (स्कूलों) के आरक्षित स्थान के लिए पात्र नहीं होगा।

"थ्रू-ट्रेन" स्कूल

21. "थ्रू-ट्रेन" स्कूल में अध्ययन कर रहे P6 के छात्र अपने स्कूल से जुड़े माध्यमिक स्कूल में जाने का सीधे चयन कर सकते हैं। यदि छात्र प्रत्यक्ष सब्सिडी योजना माध्यमिक स्कूल के S1 स्थानों के लिए आवेदन करते हैं जो की SSPA प्रणाली (NDSS माध्यमिक स्कूल) में भागीदारी नहीं लेते हैं या भाग लेने वाले स्कूलों के DP में भागीदारी नहीं लेते हैं, या CA में भाग लेते हैं, तो उनके पास अपने संबंधित माध्यमिक स्कूलों में सीधे जाने का अधिकार रखने की अनुमति नहीं रहेगी। "थ्रू-ट्रेन" माध्यमिक स्कूलों को सिद्धांततः DP अथवा CA के माध्यम से अन्य प्राथमिक स्कूलों के छात्रों को दाखिला देने के लिए अपने S1 स्थानों की कुल संख्या के कम से कम 15% स्थानों का आरक्षण करना अपेक्षित है।

## केंद्रीय आवंटन चयन करने के लिए दस्तावेज और माध्यमिक एक विकल्प वाले स्कूलों का फॉर्म जमा करना

22. SSPA प्रणाली में भागीदारी कर रहे P6 के अभिभावकों को निम्न में से प्रत्येक दस्तावेज की एक प्रति वितरित की जाएगी:

- स्कूल के वरीयता क्रम को इंगित करने के लिए सेकेंडरी वन स्कूल चयन फार्म (चयन फार्म)
- चयन फार्म के भाग B में “प्रतिबंधित स्कूल चयन” को भरते समय संदर्भ के लिए छात्र के स्कूल नेट की माध्यमिक स्कूल सूची (स्कूल सूची)

23. SSPA प्रणाली में भागीदारी कर रहा प्रत्येक प्राथमिक स्कूल अप्रतिबंधित स्कूल चयन (हैंडबुक) के लिए हैंडबुक की कई प्रतियां प्राप्त करेगा। अभिभावकों को चयन फार्म के भाग A में अप्रतिबंधित स्कूल चयन भरते समय हैंडबुक का संदर्भ लेना चाहिए। SSPA ई-प्लेटफ़ॉर्म उपयोगकर्ताओं के रूप में पंजीकृत माता-पिता के लिए, वे SSPA ई-प्लेटफ़ॉर्म पर हैंडबुक और स्कूल सूचियों का ऑनलाइन संस्करण भी ब्राउज़ कर सकते हैं। इसके अलावा माता-पिता EDB होमपेज (https://www.edb.gov.hk) पर भी जा सकते हैं और हैंडबुक और स्कूल सूचियों[3] के ऑनलाइन संस्करण के लिए नीचे दिए गए पथ का अनुसरण कर सकते हैं:

Education System and Policy > Primary and Secondary Education > School Places Allocation Systems > Secondary School Places Allocation (SSPA) System

24. पेपर चयन फार्म की 3 प्रतियां हैं, EDB प्रति, स्कूल प्रति और अभिभावक प्रति। अभिभावकों को काले बाल पैन से फार्म पूर्ण करना चाहिए। माता-पिता को मई 2024 की शुरुआत तक अपने बच्चों के प्राथमिक विद्यालयों में उपस्थित होने के माध्यम से पूर्ण चॉइस फॉर्म EDB को वापस करना होगा। SSPA ई-प्लेटफ़ॉर्म उपयोगकर्ताओं के रूप में पंजीकृत माता-पिता के लिए और **"iAM Smart+" से अपने खाते को जोडा है,** उनके लिए पेपर चयन फॉर्म के अलावा, वे SSPA ई-प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से भी 9 अप्रैल 2024 से 6 मई 2024 तक चयन फॉर्म जमा कर सकते हैं।

25. माता-पिता को एक ही बच्चे के लिए SSPA ई-प्लेटफॉर्म के माध्यम से और कागजी रूप में डुप्लिकेट आवेदन जमा नहीं करना चाहिए।

26. चाहें चयन फॉर्म SSPA ई-प्लेटफॉर्म के माध्यम से या कागजी रूप में जमा किये गए हों, चयन फार्म भरने से पहले, अभिभावकों को जांचना चाहिए कि फार्म में निम्नलिखित सूचनाएं उनके बच्चे के अनुरूप हों:

| | |
|---|---|
| छात्र संदर्भ संख्या: | पहले जारी "प्राथमिक 6 के छात्र रिकार्ड फार्म" पर मुद्रित छात्र संदर्भ संख्या के समान होनी चाहिए। |
| छात्र का नाम: | यदि सही है, तो कृपया पूर्व-मुद्रित अंग्रेजी नाम (केवल पेपर चयन फॉर्म पर लागू) के ऊपर छात्र का चीनी नाम (यदि कोई हो) लिखें। SSPA ई-प्लेटफ़ॉर्म में छात्र का चीनी नाम (यदि कोई हो) दिखाया जाएगा। |
| लिंग: | पुरुष के लिए "M", स्त्री के लिए "F" |
| छात्र का स्कूल नेट: | स्कूल सूची के सबसे ऊपर बाएं कोने पर मुद्रित कोड के समान होना चाहिए; जैसे सेंट्रल और पश्चिमी जिले (जैसे स्कूल नेट HK1) में प्राइमरी स्कूल में अध्ययनरत छात्र के लिए स्कूल सूची HK1 के लिए होनी चाहिए। |

यदि फार्म और उन के बच्चे की जानकारी में दी गई सूचनाओं में कोई विसंगतियां हों तो अभिभावकों को तत्काल अपने बच्चे के मौजूदा स्कूल में संपर्क करना चाहिए।

27. एक बार आवंटन पूर्ण होने के बाद कोई पुनःआवंटन नहीं होगा। इसीलिए अभिभावकों को स्कूल चयन से पहले सावधानीपूर्वक विचार कर लेना चाहिए, हैंडबुक और स्कूल सूची में स्कूल की (टिप्पणी) टिप्पणियों, यदि कोई है, पर ध्यान दें। अपने बच्चे के मौजूदा स्कूल से भी सलाह ली जा सकती है ।

---


[3] ऑनलाइन संस्करण में हैंडबुक और स्कूल सूची दोनों का नवीनतम संस्करण शामिल है।

**SSPA ई-प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से चयन फॉर्म भरना (उन माता-पिता के लिए जो अपना खाता "iAM Smart+" से जोड़ते हैं)**


28. SSPA ई-प्लेटफ़ॉर्म में लॉगिंग के बाद, कृपया विकल्प फॉर्म के लिए पेज दर्ज करने के लिए "केंद्रीय आवंटन के लिए आवेदन (CA)" के तहत "अभी आवेदन करें" को चुनें।

29. संपर्क जानकारी भरने के बाद, माता-पिता को अपने बच्चे की स्थिति के अनुसार "केंद्रीय आवंटन के लिए आवेदन" के लिए पेज के नीचे दिए गए विकल्पों में से चयन करना चाहिए:


- उन छात्रों के लिए जिनको CA के माध्यम से S1 स्थानों के आवंटन की आवश्यकता होती है (अर्थात जिन छात्रों को भाग लेने वाले स्कूलों द्वारा सफल DP आवेदक के रूप में सूचित नहीं किया गया है, और जॉकी क्लब Ti-I कॉलेज या NDSS माध्यमिक स्कूल द्वारा दाखिला नहीं दिया गया है), कृपया **भाग A** और **भाग B** में स्कूल के विकल्पों पर भागों को दर्ज करने के लिए "स्कूल विकल्पों को स्कूल फॉर्म के माध्यमिक एक विकल्प पर चुनें" (कृपया नीचे दिए गए चित्र को देखें") का चयन करें।




- उन छात्रों के लिए जिन्हें स्कूल के विकल्प चुनने **की जरूरत नहीं है** (अर्थात जिन छात्रों को भाग लेने वाले स्कूलों द्वारा सफल DP आवेदक के रूप में सूचित किया गया है, या जॉकी क्लब Ti-I कॉलेज या NDSS माध्यमिक स्कूल द्वारा दाखिल किया गया है), भाग A और भाग B में स्कूल के विकल्पों के भागों को छोड़ने के लिए कृपया "स्कूल फॉर्म के माध्यमिक एक विकल्प पर स्कूल चयन करने की आवश्यकता नहीं है" (कृपया करके नीचे दिए गए चित्र को देखें) को चुनें और चयन फॉर्म की पुष्टि करने और जमा करने के साथ "iAM Smart+" के साथ डिजिटल तौर पर हस्ताक्षर करने होते हैं।

- 

उन छात्रों के लिए जिन्हें SSPA सिस्टम के माध्यम से सब्सिडी वाले S1 स्थान आवंटित करने की **आवश्यकता नहीं है** (उदाहरण के लिए, विद्यार्थी जो मेनलैंड चीन में पढ़ेगा) **और SSPA सिस्टम में हिस्सा लेना छोड़ने का** फैसला करते हैं, भाग A और भाग B में स्कूल के विकल्प के भागों को छोड़ने के लिए कृपया "**SSPA** प्रणाली द्वारा सब्सिडी वाले S1 स्थान आवंटित करने की आवश्यकता नहीं है" (कृपया नीचे दिए गए चित्र को देखें) को चुनें और चॉइस फॉर्म की पुष्टि करने और जमा करने के साथ"iAM Smart+" के साथ डिजिटल रूप से हस्ताक्षर करना होता है। कृपया नोट करें कि यदि माता पिता इस विकल्प का चयन करते हैं, तो विद्यार्थी SSPA प्रणाली में हिस्सा लेने को छोड़ देगा, और आवंटन परिणाम की घोषणा वाले दिन आवंटन परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।


Apply for Central Allocation

Make school choices on the Secondary One Choice of Schools Form

Do NOT need to make school choices on the Secondary One Choice of Schools Form as the child has been notified as successful Discretionary Places applicant or admitted by Direct Subsidy Scheme secondary schools not participating in the SSPA System (i.e. give up participating in Central Allocation)

Do NOT need to be allocated a subsidised S1 place through the SSPA System (i.e. give up participating in the SSPA System)

30. उन अभिभावकों के लिए जिन्होंने "माध्यमिक एक विकल्प वाले स्कूल फॉर्म में विकल्प चुनें" का चयन किया है, कृपया ध्यान दें कि:

a. **"भाग A –अप्रतिबंधित स्कूल विकल्प"** के पेज पर, माता-पिता अपनी पसंद के क्रम के अनुसार किसी भी स्कूल नेट (उस स्कूल नेट समेत जिससे उनका बच्चा संबंधित है) से एक से तीन माध्यमिक स्कूलों का चयन कर सकते हैं। माता पिता स्कूल कोड (कोड्स) या स्कूल के नाम (नामों) को दर्ज करके स्कूल (स्कूलों) की खोज /चयन कर सकते हैं, या पेज के दाहिने भाग की तरफ "भाग A के लिए क्षेत्र-व्यापक स्कूल सूची – अप्रतिबंधित स्कूल विकल्प" से फिल्टर और स्कूल (स्कूलों) को चुन सकते हैं। सत्यापन के लिए चयनित स्कूलों के पते पेज पर प्रदर्शित किए जाएंगे।

b. **"भाग B – प्रतिबंधित स्कूल विकल्प"** को भरते समय, माता पिता स्कूल कोड (कोड्स) या स्कूल के नाम (नामों) को दर्ज करके स्कूल (स्कूलों) को खोज /चुन सकते हैं, या पेज की दाहिनी तरफ उनके बच्चे के स्कूल नेट के लिए माध्यमिक स्कूल सूची में से स्कूल (स्कूलों) **को फिल्टर कर और चुन सकते हैं। माता-पिता को अपनी पसंद के क्रम में स्कूलों का चयन करना चाहिए और जहाँ तक संभव हो सके 30 विकल्पों को भरना चाहिए।** यदि कंप्यूटर किसी छात्र की सभी पसंदों की स्क्रीनिंग के बाद उसे स्थान आवंटित नहीं कर पाता है, तो उसे उसकी पसंद के बाहर एक माध्यमिक विद्यालय[4] आवंटित किया जाएगा।

c. माता-पिता भाग A और B दोनों में एक ही स्कूल (स्कूलों) का चयन कर सकते हैं यदि स्कूल उस/उन स्कूल (स्कूलों) में हैं जहाँ उनका बच्चा है। हालांकि, यदि एक ही भाग में

[4] प्रत्यक्ष सब्सिडी योजना वाले स्कूलों और "छात्रों को यह स्कूल आवंटित नहीं किया जाएगा जब तक कि वे इसे अपनी वरीयता में शामिल नहीं करते" वाली टिप्पणी से युक्त स्कूलों को छोड़कर।

बार-बार स्कूल के चयन होता है, तो सिस्टम द्वारा एक संदेश पॉप-अप किया जाएगा ताकि माता-पिता को सुधार करने के लिए याद करवाया जा सके। भाग A और B में स्कूल के विकल्प भरने के बाद, माता-पिता को ध्यान से स्कूल कोड, स्कूल के नाम और जिले क्रम में होने की जाँच करनी चाहिए; केंद्रीय आवंटन और व्यक्तिगत सूचना संग्रह विवरण पर माता-पिता के लिए नोट्स को पढ़ें और स्वीकार करें। फिर चयन फॉर्म की **पुष्टि करने और जमा करने** के साथ "iAM Smart+" के साथ डिजिटल तौर पर हस्ताक्षर करें।

31. आवेदनों की बड़ी संख्या को कुशलता से संभालने के लिए, **SSPA ई-प्लेटफ़ॉर्म के लिए प्रत्येक लॉग इन 30 मिनटों तक सीमित है।** यदि आवश्यक हो, तो माता-पिता "ड्राफ्ट के रूप में सुरक्षित करें" फंक्शन का अच्छा उपयोग कर सकते हैं, और अगले लॉग इन सैशन पर संबंधित आवेदन जमा करने के साथ जारी रख सकते हैं। "ड्राफ्ट के रूप में सुरक्षित करें" स्थिति के तहत चयन फॉर्म के लिए, कृपया ध्यान दें कि माता-पिता को "iAM Smart+" के साथ डिजिटल तौर पर हस्ताक्षर करने होंगे, और समय सीमा से पहले आवेदन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए अपने बच्चे के मौजूदा स्कूल में चयन फॉर्म जमा करवाने होंगे। सफलतापूर्वक जमा करवाने के बाद संबंधित जमा करने की स्थिति को "SUBMITTED" के तौर पर अपडेट किया जाएगा (कृपया नीचे दिए चित्र को देखें)। उसी समय, माता-पिता को SSPA ई-प्लेटफ़ॉर्म द्वारा जारी एक पावती ईमेल प्राप्त होगी।

**Application History**

| Form Name | Status | Date Submitted |
|---|---|---|
| Secondary One Choice of Schools Form | SUBMITTED | 20.4.2024 18:05:04 |

32. यदि माता-पिता ने एक माध्यमिक विद्यालय चुना है जो इस आवंटन चक्र में SSPA प्रणाली के तहत S1 स्थान प्रदान नहीं करता है, तो उस विद्यालय की पसंद पर कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## कागजी चयन फॉर्म भरना

33. **भाग A** भरते समय, अभिभावक किसी भी स्कूल नेट (छात्र के अपने स्कूल नेट सहित) में से एक से लेकर तीन माध्यमिक स्कूलों का चयन कर सकते हैं। अभिभावकों कों **हैंडबुक** का संदर्भ लेना चाहिए और चयन फार्म के खानों में अपनी वरीयता क्रम में हैंडबुक के अनुसार 3-अंकों के स्कूल कोड भरना चाहिए। कंप्यूटर भाग B में स्कूल चयन की प्रक्रिया से पहले भाग A में सभी छात्रों के स्कूल चयन की प्रक्रिया करेगा। यदि कोई छात्र भाग A में किसी माध्यमिक स्कूल में स्थान आवंटित होने में कामयाब हो जाता है, तो कंप्यूटर आगे भाग B में उसके स्कूल चयन की प्रक्रिया को नहीं करेगा।

34. **भाग B** में भरते समय जहां "प्रतिबंधित स्कूल चयन" दर्ज है, अभिभावकों को **स्कूल सूची** में 3-अंकों के स्कूल कोड का संदर्भ लेना चाहिए और चयन फार्म के खाने में अपनी वरीयता क्रम के अनुसार स्कूल चयन भरना करना चाहिए। **अभिभावकों को चाहिए कि वे स्कूल नेट में भाग B में अपनी पसंद के क्रम में स्कूल भरें और जहाँ तक संभव हो 30 विकल्प भरें।** यदि कंप्यूटर छात्र को उसकी सभी वरीयताओं की छानबीन के बाद भी स्थान आवंटित नहीं कर सकता है, तो उसे उसकी वरीयता के बाहर के माध्यमिक स्कूल[5] आवंटित किए जाएंगे।

35. अभिभावक भाग A में स्कूल नेट से किसी भी स्कूल का चयन कर सकते हैं। यदि उन्होंने भाग A में जिन माध्यमिक स्कूलों का संकेत दिया है, वे भी उनके बच्चे के स्कूल नेट में स्थित हैं, तो वे इन स्कूलों को भाग B में शामिल कर सकते हैं। हालांकि , अभिभावकों को समान भाग में अपनी वरीयता की पुनरावृत्ति नहीं करनी चाहिए। समान भाग में समान स्कूल कोड को कंप्यूटर द्वारा केवल एक ही बार संसाधित किया जाएगा।

36. अभिभावकों को बड़ी सावधानी से यह जांचना चाहिए कि चयन फार्म में प्रविष्ट स्कूल कोड हैंडबुक और स्कूल लिस्ट में शामिल हैं। <u>अवैध तथा गलत स्कूल कोड संसाधित नहीं किए जाएंगे।</u> सिवाय इसके कि यदि अभिभावकों ने ऐसे माध्यमिक स्कूल का चयन किया है जो इस आवंटन चक्र में SSPA प्रणाली के अंतर्गत S1 स्थान का प्रस्ताव नहीं करता है, तो ऐसे स्कूल चयन की प्रक्रिया नहीं की जाएगी।

---

[5] प्रत्यक्ष सब्सिडी योजना वाले स्कूलों और ''छात्रों को यह स्कूल आवंटित नहीं किया जाएगा जब तक कि वे इसे अपनी वरीयता में शामिल नहीं करते'' वाली टिप्पणी से युक्त स्कूलों को छोड़कर।

37. SSPA प्रणाली में माध्यमिक स्कूलों की भागेदारी के अंतर्गत यदि अभिभावकों को अधिसूचित किया गया हो कि उनका बच्चा अगर विवेकाधीन स्थानों की सफल सूची में शामिल है अथवा उनका बच्चा जॉकी क्लब Ti-I कॉलेज में भर्ती पाने में सफल हुआ हो तो उन्हें स्कूल विकल्पों पर भागों को काटना होगा, और सिर्फ संपर्क जानकारी भरने के बाद चयन फॉर्म पर हस्ताक्षर करके यह दर्शाना होगा कि उन्हें स्कूल के विकल्प नहीं बनाने हैं (निम्न आकृति का सन्दर्भ लें)। दूसरी ओर, यदि कोई छात्र NDSS माध्यमिक स्कूल द्वारा दाखिला लेता है और उसके माता-पिता ने एक अभिभावकों के वचन-पत्र पर हस्ताक्षर किया है और अपने प्राथमिक 6 छात्र का रिकार्ड फार्म स्कूल को समर्पित कर दिया है अथवा जिन्हें अन्य स्कूलों (जैसे अंतरराष्ट्रीय स्कूलों अथवा निजी स्कूलों) द्वारा प्रवेश दिया गया है और जिन्होंने CA में भागीदारी नहीं करने का निर्णय किया है, उसके माता-पिता को स्कूल विकल्पों पर भागों को काटना होगा, और संपर्क जानकारी भरने के बाद चयन फॉर्म पर हस्ताक्षर करके CA में भागीदारी न करने की मंशा को सूचित करना (कृपया निम्न आकृति का सन्दर्भ लें) चाहिए।



甲部 不受學校網限制的學校選擇
Part A Unrestricted School Choices

這部分可選擇任何學校網的學校，包括學生所屬學校網。請參閱《不受學校網限制選校手冊》，並依選擇的優先次序填上學校編號。電腦會先處理甲部的學校選擇。
You may select schools from ANY school nets, including the student's school net. Please refer to the "Handbook for Unrestricted School Choices" and enter the School Codes in order of preference. The school choices in Part A will be processed first.

| 第一選擇 First Choice | 第二選擇 Second Choice | 第三選擇 Third Choice |
|---|---|---|
| 學校編號 School Code | 學校編號 School Code | 學校編號 School Code |

乙部 按學校網的學校選擇
Part B Restricted School Choices

學生所屬學校網 Student's School Net: HK2

請參閱學生所屬學校網的《中學一覽表》，並依選擇的優先次序填上網內的學校編號。學生如未獲分配甲部選填的學校，電腦便會處理乙部的學校選擇。
Please refer to the "Secondary School List" and enter the School Codes within student's school net in order of preference. The school choices in Part B will be processed if students are not allocated school places in Part A.

| 選擇次序 Order of Preference | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 學校編號 School Code | | | | | | | | | | |
| 選擇次序 Order of Preference | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 學校編號 School Code | | | | | | | | | | |
| 選擇次序 Order of Preference | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 學校編號 School Code | | | | | | | | | | |

本人聲明，表內所選填的學校為本人閱讀《統一派位家長須知》後自願填寫的。
I certify that I have read the "Notes for Parents on Central Allocation" and I have made the above choices at my own will.

本人同意教育局透過電話短訊形式(SMS)通知學生的派位結果予本人。本人可接收 SMS 的手提電話號碼已填寫在右邊的方格內〔如不同意接收 SMS 請留空此方格〕。
Consent is given for the Education Bureau to inform me of the allocation results of the student via SMS message. My mobile phone number which can receive SMS is provided in the box on the right (please leave the box blank if you do not wish to receive SMS).
9876 XXXX

家長/監護人簽署 Signature of Parent/Guardian: Chan T M
日期 Date: XX/XX/2024
家長/監護人姓名〔請用正楷填寫〕 Name of Parent/Guardian (In BLOCK Letters): Chan Tai Man
住址 Home Address: Flat XX, XX Floor, XX Building, XX Road, HK
聯絡電話 Contact Tel. No.: XXXX XXXX


यदि अभिभावक स्कूल चयन नहीं करते हैं और उन्होंने चयन फार्म पर CA में भागीदारी नहीं करने की अपनी मंशा को नहीं बताया है, और छात्रों को DP में स्थान आवंटित नहीं हुआ हैं या उन्हें Jockey Club Ti-I College या NDSS माध्यमिक स्कूल में प्रवेश नहीं दिया गया है तो छात्रों को स्थापित आवंटन यांत्रिकी के अनुसार स्कूल स्थान आवंटित कर दिया जाएगा।

38. स्कूल कोड की प्रविष्टि के बाद, अभिभावकों को कैपिटल लेटर (बड़े अक्षर) में अभिभावक/अभिरक्षक के नाम, घर का पता (यदि क्रॉस-नेट आवंटन स्वीकृत हो गया है तो घर का नया पता उपलब्ध कराना चाहिए), तथा संपर्क टेलीफोन नंबर लिखना होगा, और तब चयन फार्म पर हस्ताक्षर करने होंगे। कृपया नोट कर लें कि चयन फार्म केवल तभी वैध माना जाएगा जब उस पर अभिभावक/अभिरक्षक के हस्ताक्षर होंगे।

## नोट करने के लिए अन्य बिंदु

39. कृपया ध्यान दें कि इस चक्र के आवंटन परिणाम की घोषणा के दिन (यानि 9 जुलाई 2024) सुबह 10 बजे से शुरू होकर SSPA ई-प्लेटफ़ॉर्म उपयोगकर्ता के रूप में पंजीकृत माता-पिता SSPA ई-प्लेटफॉर्म के माध्यम से आवंटन परिणाम देख सकते हैं। EDB माता-पिता को उसी दिन सुबह 10 बजे के लगभग से शुरू होकर, सफ्लतापूर्वक SMS संदेशों के माध्यम से भी उनके बच्चे के आवंटन परिणामों की सूचना देगा। संबंधित SMS संदेश प्राप्त करने के इच्छुक माता-पिता को चयन फार्म के निर्दिष्ट बॉक्स (कृपया नीचे दिए गए चित्र का सन्दर्भ लें) में एक मोबाइल फोन नंबर प्रदान करना चाहिए जिस पर SMS संदेश प्राप्त हो सके। P6 छात्रों के लिए उनके प्राथमिक स्कूलों से आवंटन परिणामों को एकत्रित करने की व्यवस्थाएं, साथ अन्य आवंटन परिणामों की घोषणा से संबंधित अन्य प्रशासन व्यवस्थाएं, अपरिवर्तित रहेगी।

SSPA ई-प्लेटफ़ॉर्म पर चयन फॉर्म पर निर्दिष्ट स्थान


Parent / Guardian Information

Name of Parent / Guardian

Email

Home Address

Contact Tel. No.

Consent is given for the Education Bureau to inform me of the allocation results of the student via SMS message. My mobile phone number which can receive SMS is provided in the box below (please leave the box blank if you do not wish to receive SMS).

Mobile Phone No. to receive SMS message

पेपर चयन फॉर्म पर निर्दिष्ट बॉक्स


本人聲明，表內所選填的學校為本人閱讀《統一派位家長須知》後自願填寫的。
I certify that I have read the "Notes for Parents on Central Allocation" and I have made the above choices at my own will.

本人同意教育局透過電話短訊形式(SMS)通知學生的派位結果予本人。本人可接收 SMS 的手提電話號碼已填寫在右邊的方格內〔如不同意接收 SMS 請留空此方格〕。
Consent is given for the Education Bureau to inform me of the allocation results of the student via SMS message. My mobile phone number which can receive SMS is provided in the box on the right (please leave the box blank if you do not wish to receive SMS).

9876 XXXX

家長/監護人簽署 Signature of Parent/Guardian: Chan T M
日期 Date: XX/XX/2024
家長/監護人姓名〔請用正楷填寫〕 Name of Parent/Guardian (In BLOCK Letters): Chan Tai Man
住址 Home Address: Flat XX, XX Floor, XX Building, XX Road, HK
聯絡電話 Contact Tel. No.: XXXX

40. चयन फार्म में अभिभावकों द्वारा उपलब्ध कराए गए निजी आंकड़ों का उपयोग स्कूल स्थान आवंटन तथा अन्य शिक्षा संबंधित उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। संगृहीत आंकड़ों को अन्य सरकारी विभागों अथवा उन स्कूलों को दिखाया जा सकता है जिनमें सूचनाओं की पुष्टि तथा अन्य शिक्षा संबंधी उद्देश्यों के लिए छात्र को आवंटित/स्थानन्तरित किया गया है। अभिभावकों को चयन फार्म में आवश्यक व्यक्तिगत आंकड़े उपलब्ध करना अनिवार्य है। यदि उपलब्ध सूचना अपूर्ण है तो EDB स्कूल स्थान आवंटन के लिए आवेदन की प्रक्रिया के योग्य नहीं होगा।

## संदर्भ

41. स्कूल वरीयता बनाने से पहले, अभिभावकों को SSPA प्रणाली के 2022/2024 चक्र के संबंध में EDB होमपेज (https://www.edb.gov.hk) पर अपलोड की गई वीडियो को देखना चाहिए (चुनें: Education System and Policy > Primary and Secondary Education > School Places Allocation Systems > Secondary School Places Allocation (SSPA) System), या SSPA प्रणाली के विवरण के लिए ऊपर दिए गए पथ को फॉलो करें:

42. अभिभावकगण स्कूलों के संबंध में सूचना के लिए माध्यमिक स्कूल प्रोफाइल 2023/2024 का संदर्भ ले सकते हैं। चूंकि माध्यमिक स्कूल प्रोफाइल 2023/2024 की मुद्रित प्रतियां दिसंबर 2023 में वितरित की गई थीं, इसीलिए हो सकता है कि उसमें नए जोड़े गए स्कूल अथवा अद्यतन स्कूल सूचनाएं शामिल नहीं हो, अभिभावकों को चाहिए कि संबंधित स्कूलों की उनकी कक्षा संरचना तथा प्रस्तावित विषयों सहित अद्यतन सूचनाओं और नवीनतम परिवर्तन की जानकारी के लिए माध्यमिक स्कूल प्रोफाइल 2023/2024 (https://www.chsc.hk/secondary/en) के वेब संस्करण का संदर्भ लें। 2024/25 स्कूल वर्ष में व्यक्तिगत स्कूलों द्वारा संचालित S1 कक्षाओं की संख्या चालू विद्यालय वर्ष से भिन्न हो सकती है।

## महत्वपूर्ण तिथियां

43. SSPA 2022/2024 के आवंटित स्कूलों में छात्र के पंजीकरण और आवंटन परिणाम की घोषणा की तिथियां निम्नानुसार हैं:

| | |
|---|---|
| आवंटन परिणामों की घोषणाः | 9 जुलाई 2024 |
| छात्रों का पंजीकरणः | 11 एवं 12 जुलाई 2024 |

**Enquiries**

44. यदि चयन फार्म को पूर्ण करने को लेकर अभिभावकों को कुछ पूछताछ करनी है तो वे बच्चे के स्कूल जा सकते हैं। अभिभावक SSPA प्रणाली पर सूचना हेतु EDB की स्वचलित टेलीफोन पूछताछ सेवा 2891 0088 पर कॉल कर सकते हैं। यदि और जानकारी चाहिए, तो अभिभावक EDB के स्कूल स्थान आवंटन प्रभाग (सेकेंडरी स्कूल स्थान आवंटन) से 2832 7740 अथवा 2832 7700 पर संपर्क कर सकते हैं।

स्कूल स्थान आवंटन प्रभाग द्वारा तैयार
शिक्षा ब्यूरो
(मार्च 2024 में मुद्रित)